# समाचार

## बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई महापौर ने

कोरबा 22 फरवरी 2015– महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कोरबा स्थित रानी धनराजकुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में पहुंच कर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई। इस वर्ष 18 जनवरी 2015 को पल्स पोलियो के प्रथम चरण के पश्चात आज 22 फरवरी 2015 को पल्स पोलियो के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले में 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई, इसी कड़ी में कोरबा स्थित रानी धनराजकुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों को पोलियो पल्स की खुराक पिलाई गई। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वहां पहुंचकर पल्स पोलियो की खुराक पिलाई।

**किया अस्पताल का निरीक्षण**–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों के साथ उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया, वहां की व्यवस्थाएं देखी तथा चिकित्सालय में मौजूद मरीजों से भेंटकर उनका हाल–चाल पूछा, साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था के संबंध में चिकित्सकों के साथ आवश्यक विचार विमर्श किया। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, मंगल बुधिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पी.आर. कुंभकार, डॉ.दीपक राज, निगम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

( रावेन्द्र सिंह )
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)